छोटे नगरोंके कुटुम्ब एवं समुदायपर आधारित उद्यमसे औद्योगिक राष्ट्र बनते हैं

इसी प्रकार शिवकाशीके पटाका निर्माता अपनी तकनीकों एवं प्रक्रियाओंको आजके विश्वस्तरके समकक्ष लानेका सतत प्रयास करते रहते हैं। आज शिवकाशीके अपेक्षाकृत बड़े उद्यमोंके कार्यस्थल एवं कार्य-प्रणालीको देखना अपने-आपमें एक शिक्षाप्रद अनुभव है। स्वच्छता एवं सुरक्षापर जैसा ध्यान वहाँ दिया जाता है वैसा भारतमें अन्यत्र देख पाना दुर्लभ है। वहाँके उद्यमी विश्वके समकक्ष खड़े होनेको इस प्रकार उद्यत हैं कि आजके वैश्वीकरणके सन्दर्भमें अपने प्रमुख प्रतिस्पर्धी चीनकी कार्यप्रणाली एवं तकनीकी क्षमताओंका अवलोकन-अध्ययन करनेके लिये उन्होंने अपना एक प्रतिनिधि पटाका उद्योगके लिये विख्यात चीनके युन्नान प्रदेश भेजा।

ऐसे सघन एवं कटिबद्ध उद्यमसे ही महान् राष्ट्रोंका उदय हुआ करता है। आज भारतमें प्रायः २५ ऐसे अपेक्षाकृत छोटे नगर-उपनगर हैं जिनकी ६० प्रतिशतसे अधिक जनसंख्या विभिन्न प्रकारके उद्योगोंमें कार्यरत है। इन २५ नगरों-उपनगरोंमें वैसी ही सघन औद्योगिक उद्यमशीलता उपस्थित है जैसी उद्यमशीलताका वर्णन तमिलनाडुके कतिपय नगरोंके सन्दर्भमें ऊपर हुआ है। इन नगरों-उपनगरोंमें भारतके कुटुम्बों एवं समुदायोंके सहज उद्यमके बलपर भारतका पुनः औद्योगीकरण हो रहा है। इन उद्यमोंकी सफलता स्वदेशीकी भावनासे ही सम्भव हुई है। स्वदेशीकी इस भावनासे निकट भविष्यमें निश्चय ही ऐसी अनेक नयी विजयगाथाओंका उद्भव होगा।

तमिलनाडुके सघन औद्योगिक नगर

जनपद	नगर/उपनगर	जनसंख्या (१९९१)	उद्योगमें नियुक्त जनसंख्या का प्रतिशत
चेङ्गलपट्टु	काञ्चीपुरम्	१,७१,७३०	४४
उत्तर आर्काट	आर्काट	१,१४,७६०	४८
	गुडियात्तम्	९०,५६०	५३
	वाणियम्बाडि	९२,३१०	४३
धर्मपुरी	होसूर	४१,७४०	४९
तिरुवण्णामलै	आरणि	५४,९००	४३
सेलम	सेलम	५,७८,२९०	४५
	तिरुच्चेङ्गोडु	६३,०३०	५१
तिरुच्चिरपल्ली	करूर	१,१३,६७०	४१
ईरोड	ईरोड	३,६१,७५०	४४
	भवानी	९७,१६०	६८
कोयम्बत्तूर	कोयम्बत्तूर	११,००,७५०	४५
	तिरुप्पूर	३,०६,२४०	६८
दिण्डुक्कल	चिन्नालपट्टि	२२,८७०	४५
विरुद्दुनगर	राजपालयम्	१,१४,२००	४०
	शिवकाशी	१,०२,१७०	६७
	अरुप्पुक्कोट्टै	७८,९८०	५५
तूत्तुकुडी	कोविलपट्टि	७८,८३०	५०

** इन सब नगरों-उपनगरोंकी जनसंख्याका चालीस प्रतिशत या उससे भी अधिक भाग उद्योगोंमें नियुक्त है।*

भारतके सघन औद्योगिक नगर

राज्य	नगर (जनपद)	जनसंख्या (१९९१)	उद्योगमें नियुक्त जनसंख्याका प्रतिशत
पंजाब	लुधियाना (लुधियाना)	१०,४२,७४०	५१
गुजरात	जेतपुर (राजकोट)	९५,३००	५५
	मोरवी (राजकोट)	१,२०,१२०	५०
	नवसारी (वलसाड)	१,९०,९५०	५४
	सूरत (सूरत)	१५,१८,९५०	६१
महाराष्ट्र	मालेगाँव (नाशिक)	३,४२,६००	६२
	भिवंडी (ठाणे)	३,९२,२१०	७८
	इच्चलकरञ्जी (कोल्हापुर)	२,३५,९८०	६५
	शोलापुर (शोलापुर)	६,२०,८५०	५२
कर्नाटक	रबकावि-बनहट्टी (बीजापुर)	६०,६१०	५७
	दांडेली (उत्तर कन्नड)	५२,७००	५८
	दोड्डबल्लापुर (बेंगलूर)	५४,६१०	६५
	रामनगरम् (बेंगलूर)	५०,४४०	५४
केरल	चेर्तला (आलप्पुड़ा)	१,३२,८८०	५०
आन्ध्र प्रदेश	सिर्सिला (करीमनगर)	५०,०५०	६८

शेष अगले पृष्ठपर...

** पचास सहस्रसे अधिक जनसंख्यावाले इन सब नगरों-उपनगरोंकी जनसंख्याका पचास प्रतिशत या उससे भी अधिक भाग उद्योगोंमें नियुक्त है।*

भारतके सघन औद्योगिक नगर

राज्य	नगर (जनपद)	जनसंख्या (१९९१)	उद्योगमें नियुक्त जनसंख्याका प्रतिशत

... पूर्वपृष्ठसे आगे

राज्य	नगर (जनपद)	जनसंख्या (१९९१)	उद्योगमें नियुक्त जनसंख्याका प्रतिशत
मध्य प्रदेश	बुरहानपुर (पूर्व नीमाड़)	१,७२,७१०	५१
	नागदा (उज्जैन)	७९,६२०	६१
उत्तर प्रदेश	फिरोज़ाबाद (फिरोज़ाबाद)	२,७०,५४०	५९
	मोदीनगर (गाज़ियाबाद)	१,२३,२८०	५३
	टांडा (फ़ैज़ाबाद)	७०,६१०	५९
	मुबारकपुर (आज़मगढ़)	६२,७३०	८३
	भदोही (वाराणसी)	६४,०१०	६८
बिहार	जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)	८,२९,१७०	५२
	बोकारो (धनबाद)	३,९८,८९०	५०
पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर (बर्धमान)	४,२५,८४०	५०
	औरंगाबाद (मुर्शिदाबाद)	६४,२४०	८३
	जंगीपुर (मुर्शिदाबाद)	५५,९८०	५०
	शान्तिपुर (नवद्वीप)	१,०९,९६०	६७
	नवद्वीप (नवद्वीप)	१,५५,९१०	५०

** पचास सहस्रसे अधिक जनसंख्यावाले इन सब नगरों-उपनगरोंकी जनसंख्याका पचास प्रतिशत या उससे भी अधिक भाग उद्योगोंमें नियुक्त है।*

विस्मृतिसे जागरणकी ओर





विस्मृतिसे जागरणकी ओर